# चतुर विद्वान

प्रश्न-1 बीरबल किसके दरबार में रहते थे?
उत्तर- बीरबल सम्राट अकबर के दरबार में रहते थे।

प्रश्न-2 विजयनगर के चतुर विद्वान का नाम क्या था?
उत्तर- विजयनगर के चतुर विद्वान का नाम तेनालीराम था।

प्रश्न-3 सम्राट अकबर ने आदमी की बात का विश्वास किया या नहीं?
उत्तर- सम्राट अकबर ने आदमी की बात का विश्वास नहीं किया।

प्रश्न-4 सम्राट ने आदमी को पुरस्कार क्यों नहीं दिया?
उत्तर- सम्राट ने आदमी की बात का विश्वास नहीं किया इसलिए उसे पुरस्कार नहीं दिया।

प्रश्न-5 बीरबल के बगीचे में अकबर ने क्या देखा?
उत्तर- बीरबल के बगीचे में अकबर ने देखा कि दो बांस आग के करीब गड़े हुए थे। उन बांसों के ऊपरी सिरे से बंधे एक बांस के बीचो-बीच एक हांड़ी लटक रही थी और बीरबल उसमें खिचड़ी पका रहे थे।

प्रश्न-6 अकबर की समझ में कौन सी बात आ गई?
उत्तर- अकबर की समझ में यह बात आ गई कि वह आदमी सच बोल रहा था।

प्रश्न-7 दरबारी ने तेनालीराम को छोटा दिखाने के लिए क्या किया?
उत्तर- दरबारी ने तेनालीराम को छोटा दिखाने के लिए खरबूजे खाकर उसके सारे छिलकों का ढेर तेनालीराम के सामने रख दिया और कहा कि इस भूखे लालची ने कितने सारे खरबूजे खा लिए।

प्रश्न-8 तेनालीराम किस राजा के दरबार में रहते थे?
उत्तर- तेनालीराम विजयनगर के महाराज कृष्णदेव राय के दरबार में रहते थे।

************